आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 16.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया के साथ भारत ने इतिहास रचा, यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बना।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी दी।
- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए राजनैतिक दलों का प्रचार जोरों पर।
- राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, जबकि निचले हिस्सों में बारिश से ठंड में इजाफा।

स्पेडेक्स मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। अमरीका, रूस और चीन के बाद इस प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला भारत, चौथा देश बन गया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से स्वदेशी भारतीय डॉकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वकांक्षी मिशनों के निर्बाध संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त होने जा रहा है और उससे पहले 2025 में 8वें वेतन आयोग के गठन से सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।
मंत्रिमंडल ने 3 हजार 985 करोड़ रुपये की लागत से आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को भी मंजूरी दी है।

ईवी चार्जिंग स्टेशन

देहरादन के जिलाधिकारी सविन बसंल ने पर्यावरण संरक्षण और राजधानी में परिवहन सुधार की दृष्टि से महत्वाकांक्षी ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों और कंपनी को समन्वय बनाकर कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने देहरादून में तीन नए ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मौके पर एनओसी जारी की और 31 जनवरी तक इन्हें सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवी चार्जिंग स्टेशन न केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक साबित होंगे।

तस्कर मुठभेड़

हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और स्मैक तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक तस्कर घायल हो गया, जबकि दूसरा स्मैक की खेप लेकर फरार हो गया। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। वहीं, फरार तस्कर की तलाश की जा रही है।

## स्टार्टअप इंडिया

भारत, स्टार्टअप इंडिया की आज नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। इस परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों ने 'कारोबारी सुगमता' पर ध्यान केंद्रित किया है, संसाधनों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित की है और हर मोड़ पर स्टार्टअप का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम की सफलता दर्शाती है कि आज देश गतिशील, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार है।

## निकाय चुनाव प्रचार

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता और प्रत्याशी घर–घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं। इस दौरान वे जनसभाएं, रोड शो और पदयात्रा भी कर रहे हैं। वहीं, प्रचार अभियान में निर्दलीय उम्मीदवार भी जुटे हुए हैं। इस बीच, आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल, हल्द्वानी और भवाली में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क कर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

## मतदान प्रशिक्षण

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जारी है। पिथौरागढ़ के जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि नाटक मंचन के जरिए मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

शिक्षक सीबी जोशी ने बताया कि इस तरह के प्रयास से पीठासीन अधिकारियों के साथ ही मतदान में लगे कर्मियों को सहायता मिलेगी।

उधर, पौड़ी के मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि मतदान स्थल पर नियुक्त होने वाले मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण एक साथ करवाया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह का संदेह न रहे।

## मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बर्फबारी, जबकि निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में कमी आई है। चमोली जिले में बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, औली और देवाल नंदनगर क्षेत्र में बर्फबारी हुई। वहीं, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में भी बर्फबारी हुई। बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। उधर, कुमाऊं क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और पाला पड़ने के चलते सड़कों पर सुरक्षा के दृष्टिगत नमक और चूने का छिड़काव किया जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को बर्फबारी से प्रभावित सड़कों पर यातायात सुचारू करने के लिए बर्फ और मलबा हटाने वाली मशीनों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 19 जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं– 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।